Need to set up potato based food processing industries in Shahjahanpur Parliamentary Constituency and take steps for export of potato from the area.-laid

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर):मैं सरकार को अवगत कराना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर की तिलहर, सदर, पुवायां, जलालाबाद कलान तहसीलों में आलू की काफी अधिक फसल होती है तथा इस क्षेत्र के किसानों की जीविका का एकमात्र सहारा आलू की उपज ही है।

लेकिन वर्तमान समय में लागत मूल्य से भी आदि कम पर आलू बिक रहा है, जिस कारण क्षेत्र के किसान आलू की उपज का लाभकारी मूल्य न मिलने की वजह से काफी परेशान हैं तथा आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि आलू उत्पादकों के हित में शाहजहांपुर जनपद आधारित एक फूड प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित किए जाने के साथ-साथ आलू के निर्यात हेतु संभावित कदम उठाने की कृपा करें, जिससे क्षेत्र के आलू किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित हो सके।